
आसनसोल में संवाददाताओं को सम्बोधित करते दिलीप घोष



**अधेड़ का पेड़ से झूलता शव बरामद :** बांकुड़ा : जिले के गंगाजलघाटी इलाका निवासी पंचानन गोराई (55) का पेड़ में फंदे से झूलता शव पाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के मुताबिक मृतक गंगाजलघाटी का रहनेवाला था।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल में पौधारोपण कार्यक्रम

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रांगण में लायन्स क्लब आसनसोल ग्रेटर के सौजन्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने मनमोहक गीत की प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण की देखभाल एवं आधिकाधिक पौधारोपण हेतु बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध न्यासी प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, लायन्स क्लब की ओर से जयंती मालिक (पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), अम्बिका मुखर्जी (रिजनल चेयरपर्सन), अमित चट्टराज (अध्यक्ष), मनोज कुमार (सेक्रेटरी), शिप्रा दास (ट्रेजरर) और अशोक शॉ (ज्वाएंट सेक्रेटरी) के साथ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।